तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 18 अप्रैल 2025

14 कोलिहामार में अवैध प्लाटिंग व कृषि भूमि



12 पौने छह करोड़ के अहाते के लिए लगी दस करोड़ ...





## खबर संक्षेप

### खल्लारी में कुएं में गिरने से बालिका की हुई मौत



**बालोद/कलंगपुर।** जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम खल्लारी मे कक्षा 6वीं की 12वर्श की छात्र योगिता साहू गुरूवार को अपने घर के कुंआ से बाल्टी के माध्यम से पानी निकाल रही थी तभी बाल्टी का वजन ज्यादा होने के कारण वह कुंआ मे गिर गई, लंबे समय तक जब बच्ची नही दिखी तब उसकी तलाश की गई, इस दौरान ढ़ाई घंटे के बाद जब परिजनो को बच्ची की कुआ मे मिलने की जानकारी हुई। तब तक बच्ची की मौत हो गई थी जिसे परिजनो द्वारा कुआ से निकाला गया।

### मृतक के परिजनों के लिए चार लाख की मदद मंजूर

**बालोद।** अपर कलेक्टर ने आदेश जारी कर राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 06 क्रमांक 04 के तहत जिले में प्राकृतिक आपदा नैसर्गिक विपत्ति के कारण मृत मानबाई के परिवार (निकटतम वारिस) को आर्थिक सहायता अनुदान दिए जाने के प्रावधानों अनुसार 04 लाख रूपए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया है। अपर कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को निर्देशित किया है कि वे स्वीकृत राशि का आहरण एवं भुगतान मृतक के निकटतम वारिस को करे। जारी आदेश में मृतक मानबाई के पुत्र यशवंत कुमार ग्राम सुरेगांव तहसील मारऍबंगला को 04 लाख रूपये स्वीकृत किया गया है।

### शहीद की पुण्यतिथि पर आध्यात्मिक सत्संग हुआ

**गुण्डरदेही।** ग्राम फुंडा मे 20 अप्रैल को शहीद लोकेश कुमार साहू एवं स्व. थानसिंह साहू की पुण्य स्मृति मे आध्यात्मिक सत्संग समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समारोह मे संत रविकर साहेब संत पूर्णेन्द्र साहेब के साथ संत रामबालक दासजी महात्यागी पाटेश्वर धाम जामड़ी उपस्थित रहेंगे, साथ ही कार्यक्रम मे कवि सीताराम साहू श्याम शिवकुमार अंगारे व केशव साहू भी शामिल होगे। वही कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी कौशिल्या साय रहेगी। अध्यक्षता समाजसेवी तिमिरेन्दु शेखर सिंह कंवर करेंगे। विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष भाजपा बालोद चेमन देशमुख, तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, प्रमोद जैन व आकाश पांडे उपस्थित रहेंगे। उक्त कार्यक्रम मे आयोजक परिवार द्वारा भोजन भंडारा का भी आयोजन किया गया है।

### पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति पंजीयन शुरू

**बालोद।** अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का पंजीयन, स्वीकृति एवं भुगतान की कार्यवाही विभागीय पोर्टल पोस्ट मेट्रिक स्कॉलरशीप सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन के माध्यम से किया जा रहा है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि वर्ष 2024–25 में ऐसे विद्याथऍं जो संस्था परिवर्तन, पाठ्यक्रम परिवर्तन तथा संस्था एवं पाठ्यक्रम दोनों परिवर्तन करना चाहते हैं। ऐसे विद्यार्थियों के लिए भारत सरकार के नियमानुसार पात्रता रखने वाले विद्यार्थियों को पोर्टल पर सुविधा दी गई है। वे वर्तमान में अध्ययनरत संस्था से संपर्क कर विभाग द्वारा प्रदायित प्रपत्र में जानकारी भरकर जमा कर सकेंगे। इस हेतु विभाग द्वारा 21 अप्रैल 2025 तक आवेदन करने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। संबंधित विद्याथऍं वर्तमान में अध्ययनरत संस्था से संपर्क कर निर्धारित तिथि तक आवेदन सुनिश्चित कर सकते हैं।

# राज्य एडवेंचर हाईक शिविर में गुप्त कालेज के रोवर-रेंजर ने अध्ययन लाभ लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राज्य स्तरीय एडवेंचर हाईक शिविर में शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद के रोवर–रेंजर शामिल हुए, शिविर में छात्रे को व्यक्तित्व विकास एवं प्राकृतिक अध्ययन का अवसर मिला। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में 15 से 17 अप्रैल तक ग्राम जलकी, सिरपुर, जिला महासमुंद में राज्य स्तरीय एडवेंचर हाईक, व्यक्तित्व विकास एवं प्राकृतिक अध्ययन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त विश्वविद्यालयों एवं उनके संबद्ध महाविद्यालयों के रोवर–रेंजर सहभागी बने। ि विर में शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालोद के 11 रोवर–रेंजर एवं दो मास्टर ट्रेनर डॉ. आरडी. साहू एवं प्रो. रितु पिस्दा के मार्गदर्शन पर यह दल हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग का प्रतिनिधित्व कर रही है। इस राज्य स्तरीय शिविर में विभिन्न प्रकार की गतिविधियाँ आयोजित की जा रही है, जिनमें ट्रैकिंग, आपदा प्रबंधन, नेतृत्व विकास, पर्यावरण अध्ययन एवं समूह संवाद जैसे सत्र शामिल थे। प्रतिभागियों ने न केवल अपने शारीरिक व मानसिक क्षमताओं को चुनौती दी, बल्कि साहसिक गतिविधियों के माध्यम से टीम भावना और नेतृत्व कौशल का भी विकास कर रही है।

### 11 यूनिवर्सिटी के 89 रोवर्स रेंजर और मास्टर ट्रेनर सम्मिलित रहे




#### प्रेरणादायी अनुभव

उक्त शिविर में छत्तीसगढ़ के अन्य विश्वविद्यालयों जैसे ओपी जिन्दल यूनिवर्सिटी, सीवी रमन यूनिवर्सिटी बिलासपुर, पं. सुंदरलाल शर्मा विश्वविद्यालय, शाहिद नंदकुमार पटेल यूनिवर्सिटी रायगढ़ सहित 11 यूनिवर्सिटी के कुल 89 रोवर्स रेंजर और मास्टर ट्रेनर भी बड़ी संख्या में सम्मिलित हो रहे है। इस प्रकार यह शिविर राज्य के युवा रोवर–रेंजरों के लिए एक प्रेरणाद्रायक एवं विकासात्मक अनुभव सिद्ध हो रहा है।

### पीठासीन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने समितियों की शक्ति और कामकाज के संचालन की जानकारी दी

# जिपं में स्थायी समितियों के सभापतियों और सदस्यों का किया गया मनोनयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला पंचायत मे स्थायी समितियों का गठन किया गया। पीठासीन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे द्वारा जिला पंचायत के स्थायी समितियां उनकी शक्तियां तथा सदस्यों का कार्यकाल और कामकाज के संचालन की प्रक्रिया के संबंध में सदन को विस्तृत जानकारी दी गई। पीठासीन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने बताया कि जनपद तथा जिला पंचायत के स्थायी समितियां (सदस्यों का निर्वाचन उनकी शक्तियां और सदस्यों का कार्यकाल और कामकाज के संचालन की प्रक्रिया के तहत सदन के द्वारा प्रत्येक समिति में 05 सदस्य रहेंगे, जिसमें 06 स्थायी समितियों का गठन किया गया, जिसमें 01–01 सभापति और 04–04 सदस्य निर्वाचित हुए।

उन्होंने बताया कि सामान्य प्रशासन स्थाई समिति के अंतर्गत अध्यक्ष जिला पंचायत तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर को सभापति तथा उपाध्यक्ष तोमन साहू, तेजराम साहू, चंद्रिका यशवंत गंजीर, प्रभा रामलाल नायक, चुन्नी मानकर को सदस्य नियुक्त किया गया है। इसी तरह —षि स्थाई समिति के अंतर्गत तेजराम साहू को सभापति तथा गुलशन चंद्राकर, चुन्नी मानकर, पूजा वैभव साहू और लक्ष्मी अशोक साहू को सदस्य नियुक्त किया गया है। शिक्षा स्थाई समिति के अंतर्गत तोमन साहू को सभापति तथा कांति सोनेश्वरी, नीलिमा श्याम, प्रभा रामलाल नायक और मीना उमाशंकर साहू को सदस्य नियुक्त किया गया है।




#### ये हुए नियुक्त

संचार एवं संकर्म स्थाई समिति के अंतर्गत चंद्रिका यशवंत गंजीर को सभापति तथा गुलशन चंद्राकर, प्रभा रामलाल नायक, राजाराम तारम और लक्ष्मी अशोक साहू को सदस्य नियुक्त किया गया है। सहकारिता एवं उद्योग स्थाई समिति के अंतर्गत प्रभा रामलाल नायक को सभापति तथा चंद्रिका यशवंत गंजीर, तेजराम साहू, मीना उमाशंकर साहू और राजाराम तारम को सदस्य नियुक्त किया गया है। महिला एवं बाल विकास स्थाई समिति अंतर्गत चुन्नी मानकर को सभापति तथा कांति सोनेश्वरी, नीलिमा श्याम, मीना उमाशंकर साहू और लक्ष्मी अशोक साहू को सदस्य नियुक्त किया गया है।

# अफसरों ने पुलिस टूर्नामेंट में जीते स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



केरल में आयोजित अखिल भारतीय पुलिस बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस टूर्नामेंट की मिक्सड डबल्स स्पर्धा में जिले के 14 वीं बटालियन सेनानी आईपीएस सूरज सिंह परिहार ने बैडमिंटन मिक्स्ड डबल स्पर्धा में डीएसपी आकर्षि कश्यप के साथ स्वर्ण पदक स्वर्ण पदक प्राप्त किया। स्पर्धा का रजत पदक भी छत्तीसगढ़ की टीम ने ही जीती, केरल में आयोजित अखिल भारतीय बैडमिंटन टूर्नामेंट में देश भर के 43 टीमों जिसमें राज्यो सहित बीएसएफ, एसएफ, सीआरपीएफ, आरपीएफ ने भी भाग लिया था। 11 पदक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ ने टूर्नामेंट मे तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## सुशासन त्योहार के दौरान अवकाश पर लगा प्रतिबंध

**बालोद।** कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने पत्र जारी कर सुशासन तिहार 2025 के दौरान जिले के अधिकारी कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध लगाया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में सुशासन तिहार 2025 का आयोजन 03 चरणों में किया जा रहा है। पहले चरण में 08 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आम जनता से आवेदन प्राप्त किये गए।

दूसरे चरण में लगभग 01 माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तीसरे एवं अंतिम चरण में 05 मई से 31 मई 2025 के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जायेगा। उक्त शिविरों मे मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, मंत्रीगण, मुख्यसचिव, प्रभारी सचिव एवं राज्य शासन के अधिकारी शिविरों में शामिल होकर वहाँ आवेदकों से भेंट कर उनके समस्याओं और निराकरण के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगें। अतः उक्त दिवसो में सभी अधिकारी–कर्मचारियों को उपस्थित रहना आवश्यक है। कलेक्टर चन्द्रवाल ने सभी विभागों को पत्र जारी कर निर्देशित किया है कि सुशासन तिहार 2025 के दौरान उनके बिना पूर्व अनुमति के अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेगें और न ही मुख्यालय से बाहर रहेगें।

### प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र किया गया वितरण

# महिलाओं को गोदना हस्त शिल्प प्रशिक्षण दिया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

ग्राम पंचायत राहुद में छ.ग. शासन हस्त शिल्प विकास बोर्ड के तत्वधान में महिलाओं को तीन माह की गोदना हस्त शिल्प का प्रशिक्षण दिया गया। समापन समारोह मे मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि थानसिंह मंडावी, हस्त शिल्प विकास बोर्ड के प्रबंधक रामधन खूंटे, उपसरपंच मोहन लाल भारती, जन कल्याण समिति के सचिव घनाराम साहू यमुना बांधे थे।

थानसिंह मंडावी ने बताया कि छ.ग. शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए महिलाओं को गोदना आर्ट प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान मानदेय के रूप में प्रतिदिन पचास रुपए दिया गया एवं साथ में प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। प्रशिक्षण अधिकारी कलावती पावले ने बताया कि प्रशिक्षण में बेड शीड, साड़ी, पिलो कवर, स्कार्फ एवं घर के दीवालो में कशीदाकारी का प्रशिक्षण दिया गया। प्रबंधक खूंटे ने बताया कि हाथों से या सरल औजारों की मदद से बनाई जाने वालीं कलात्मक वस्तुओं को हस्त शिल्प कहते हैं, ये वस्तु उपयोगी होने के साथ साथ सजावट के काम भी आते हैं।



#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर दीपक कुमार साहू, परमानंद टंडन, धनेश्वरी साहू, शरद साहू, नितेश तराने, मेनका, रीना, वसी साहू, दामिनी, पदमा साहू, हिमेश साहू, नूतन साहू, नीता साहू, लुकेश्वरी यादव, तेजेश्वरी, लोकेश्वरी, नंदनी बंजारे, टिकेश्वरी, आकांक्षा साहू, हीना ढिमरी, डुमेश्वरी साहू, हिमांशी, उर्वशी यमुना बांधे उपस्थित थे।

## कार में शराब की तस्करी, दो गिरफ्तार

**भिलाई।** कार में शराब तस्करी करते दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि रात को डायल 112 के सूचना मिला कि कार सीजी 04 एमडी 2018 में संदिग्ध स्थिति में ग्राम ठेलका की तरफ जा रहा हैं। पुलिस ने ठेलका चौक की तरफ निकली जिसे देख आरोपी जालबांधा रोड की ओर मुड़ गए। संदिग्ध वाहन ग्राम मुड़पार बस्ती में घुस गई। जहां कार अनियंत्रित होकर घर की दिवाल पर टकरा गई। मौका मिलने पर आरोपी फरार हो गए। उक्त वाहन में 13 खाकी बाक्स में गोवा शराब जब्त किया। उक्त शराब एमपी का था। गोवा अंग्रेजी शराब की कीमत 87 हजार 750 रूपये और कार 5 लाख रुपए आंकी गई।

# ओरमा आंगनबाड़ी में 22 तक पोषण पखवाड़ा जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम पंचायत ओरमा में आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक एक एवं दो में 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसमें आंगनवाड़ी में हितग्राही गर्भवती व शिशुवति महिलाओं को शासन की योजनाओं के बारे में जानकारी दी एवं बच्चों को पोषक आहार के बारे में जानकारी दी।

बच्चों की माताओ को आंगनबाड़ी के कार्यकर्ता कमलेश्वरी साहू ने बताया कि शिशुवती माताएं को नियमित रूप से अपने बच्चों को आंगनबाड़ी लाकर उनके वजन और उनकी खान–पान शुद्ध भोजन पर ध्यान देना जरूरी है, समय–समय पर दिन हो या रात छोटे बच्चों को एक–एक घंटे में उनको स्तनपान करना जरूरी है, आगे उन्होंने बताया कि बच्चों का वजन नियमित रूप से आंगनबाड़ी में करना जरूरी है और कुछ भी समस्या हो तो गांव के मितानिन आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से सलाह लेना चाहिए, राज्य सरकार की महिलाओं के लिए बहुत सारी योजनाएं हैं जो आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से जानकारी लेना चाहिए। सरपंच मंजूलता साहू ने बताया कि एक महिला की गोद भराई के कार्यक्रम संपन्न कराया। वहीं दूसरी ओर शिशुवती माता अपने बच्चों के साथ पहुंची। आंगनबाड़ी मे उन्होंने खीर खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया। उक्त कार्यक्रम के अवसर पर बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी के हितग्राही महिला कार्यकर्ता व महिला स्वास्थ्य समिति सदस्य उपस्थिति रही।



#### कार्यक्रम में सरकार की योजनाओं की दी जानकारी

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत ओरमा के सरपंच मंजूलता परस साहू, उप सरपंच रामचंद्र यादव, पंच सुदामा साहू, पंच फ़ग्नि निषाद, पंच देवानतीन सोनकर, बल्लू साहू, मितानिन स्वच्छता दीदीयो के द्वारा पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम में शामिल हुए, वही ग्राम मेंड़की में भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भावना साहू ने भी आंगनवाड़ी की हितग्राहियों के साथ पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमे उपस्थित सरपंच मंजूलता ने आंगनवाड़ी में पहुंचे सभी हितग्राहियों को सरकार की योजना के बारे में जानकारी दी।

### ब्रह्माकुमारीज की मुख्य प्रशासिका दादी रतनमोहिनी की श्रद्धांजलि सभा हुई

# दादी की जीवनी नारी शक्ति के लिए प्रेरणा स्रोत : विजयलक्ष्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान बालोद में ब्रह्माकुमारीज की मुख्य प्रशासिका दादी रतनमोहिनी का श्रध्दांजलि कार्यक्रम किया गया।

जिसमें उपस्थित नगर पालिका के उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, रेडक्रास सोसायटी के अध्यक्ष एवं जिला पंचायत के उपाध्यक्ष तोमन साहू एवं वार्ड नं. 04 के पार्षद शेखर यादव व ब्रह्माकुमारीज की संचालिका बी.के. विजयलक्ष्मी दीदी सहित सभी ब्रह्माकुमारी दीदीयों द्वारा व संस्था के भाई बहनों ने श्रध्दा सुमन अर्पित किये। इस अवसर पर दादी जी की डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी दिखाई गई। इस दौरान बीके. विजयलक्ष्मी दीदी ने कहा कि दादी का जीवन समस्त विश्व में नारी शक्ति के लिए प्रेरणा स्त्रेत थी दादी जी का जन्म 25 मार्च 1925 को एक प्रसिध्द व धार्मिक परिवार में हुआ था। दादी जी ने सदा आध्यात्मिक ज्ञान रत्नों से आत्माओं को सुसज्जित किया और उन्हें दिव्यता एवं सुसंस्कारों से भरपूर बनाया। टीचर्स ट्रेनिंग की मुख्य संचालिका के रूप में अपने यज्ञ में हजारों ब्रह्माकुमारी बहनों को शिक्षिका के रूप में तैयार किया।

जो आज यज्ञ की अनमोल धरोहर बनकर विश्वभर में सेवाएं दे रही है। साथ ही विदेश सेवा की शुरूआत में भी आप निमित्त बनीं, जिससे परमात्म ज्ञान की किरणें सात समंदर पार तक पहुंची। दादी जी राजयोग एजुकेशन और रिसर्च फाउंडेशन के युवा प्रभाग के अध्यक्ष थी। जैसे सूर्य की किरण धरती पर पड़ते ही अनगिनत जीवों में चेतना और जीवन का संचार करती है, ठीक उसी प्रकार परमात्म ज्ञान सूर्य की एक उज्जवल किरण बनी दादी रतन मोहिनी जी ने लाखों ब्रह्माकुमारी बहनों में चेतना की ज्योति जगाई और उनके जीवन को दिव्यता से संवारा।

दादी जी की उम्र 101 साल की थी। उन्होंने 8 अप्रैल 2025 को अपना शरीर का त्याग किया। दीदी ने कहा कि दादी जी ने जो कर्तव्य किए है उसे अपने जीवन में उतारे और उनकी दी गई शिक्षाओं को अपने जीवन में धारण करें वही उनके लिए सच्ची श्रध्दांजलि होगी।





# जोरातराई में 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ व हनुमत कथा हुई



**गुण्डरदेही।** ग्राम जोरातराई में समस्त ग्रामवासियों द्वारा पांच कुण्डलीय गायत्री महायज्ञ एवं हनुमत कथा आयोजित किया गया। जिसके कथावाचक परमानन्द युग पुरोहित नव युग चेतना केन्द्र फिंगेश्वर थे। जिसके अंतर्गत आंचलिक कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कवि सम्मेलन मे केशव राम साहू, विजय कुमार टंडन, डॉक्टर बुशरा परवीन, कुसुम साहू ने भाग लिया। सभी कवियों ने नशा उन्मूलन, पर्यावरण, पारिवारिक बंटवारा की व्यथा, नारी समाज के साथ दोयम दर्जा आदि समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने का संदेश दिया गया। ग्राम के हेमंत साहू का अग्नि वीर में चयन होने पर उनके हौसला अफजाई के लिए देशभक्ति गीतों का पाठ किया गया। आयोजन समिति में रोमनसिंह साहू, हरिश्चंद्र अंगारे, पंच कुमार साहू, रवि कुमार साहू, डॉक्टर तेजराम साहू, सुरेश साहू, लक्ष्मीकांत, निहाल सिंह, बलराम, चंद्राबाई, दमयंती कौशिक, दानेश्वरी साहू, यशोमती, तेजबाई उपस्थित थे।

# भिलाई इस्पात संयंत्र के मैत्रीबाग जू में जल्द आएंगे नए मेहमान

## जंगल सफारी से लाया जाएगा एक जोड़ा तेंदुआ और कानन पेंडारी से आएगा क्रोकोडायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी के मैत्रीबाग चिड़ियाघर में जल्द नए मेहमान आएंगे। इसके लिए तैयारी चल रही है। नए वन्य प्राणियों के आने से जू की रौनक बढ़ जाएगी। सैलानी नए आकर्षक जानवरों को नजारा ले सकेंगे। मैत्रीबाग जू में एक लंबे समय के बाद कुछ नए वन्य प्राणियों को लाए जाने की तैयारी चल रही है। यहां चिड़ियाघरों से जानवरों के एक्सचेंज की योजना के तहत दो प्रजाति के चार जानवर लाए जाएंगे। इसके तहत जंगल सफारी रायपुर से एक जोड़ा लेपर्ड (तेंदुआ। यहां लाया जाएगा। एक युवा नर और मादा तेंदुआ के मैत्रीबाग आ जाने से आगे इस प्रजाति की संतति बढ़ने की समस्या का निदान हो जाएगा। मैत्रीबाग में अभी सिर्फ नाम की एक तेंदुआ बचा है। राधा नाम की तेंदुआ 19 साल की हो चुकी है। उसके सिंगल और वृद्ध होने से इस प्रजाति के परिवार बढ़ने की समस्या बनी हुई है। राधा की मौत के बाद कैज ( पिंजरा) खाली हो जाएगा। इसे देखते हुए बीएसपी मैत्रीबाग प्रबंधन द्वारा रायपुर जंगल सफारी से एक जोड़ा तेंदुआ यहां लाए जाने की प्रक्रिया शुरु हो गई है। इसके बदले में मैत्रीबाग से एक वाइट टाइगर जंगल सफारी भेजा जाएगा। इसके अलावा मैत्रीबाग में कानन पेंडारी बिलासपुर से एक क्रोकोडायल ( मगर ) मंगाया जा रहा है। करीब साल भर पूर्व एक क्रोकोडायल यहां लाया जा चुका है। इन वन्य प्राणियों के आने से मैत्रीबाग की रौनक और बढ़ जाएगी। मैत्रीबाग प्रभारी डां. एनके जैन ने बताया कि नए वन्य प्राणियों के यहां मंगाए जाने के प्रयास जारी हैं। इसके लिए जंगल सफारी और कानन पेंडारी से पत्राचार चल रहा है। प्रक्रिया पूर्ण होने और दोनों चिड़ियाघरों तथा सेंट्रल जू अथारिटी से अनुमति मिलते ही नए जानवरों का लुत्फ यहां सैलानियों को मिलने लगेगा। उल्लेखनीय है कि हरिभूमि ने 6 अप्रेल के अंक में ,,फीकी पड़ रही भिलाई की शान मैत्रीबाग की चमक, नहीं आ रहे नए जानवर,, शीर्षक से खबर प्रकाशित कर प्रबंधन का ध्यानाकर्षित किया था।



### लेपर्ड के लिए बन रहा नया बाड़ा

मैत्रीबाग चिड़ियाघर में एक जोड़ा लेपर्ड (तेंदुआ) की आमद को देखते हुए तैयारी चल रही है। दोनों नए मेहमानों के लिए नया बाड़ा ( कैज) बनाया जा रहा है। कुछ दिनों में यह बनकर तैयार हो जाएगा। लोहे की जाली का नया कैज वाइट टाइगर के कैज के निकट बनाया जा रहा है। इसके कुछ दूरी पर पुराने मादा तेंदुआ का कैज है। यह पुराना और थोड़ा छोटा है।

## खबर संक्षेप



### बोर्ड के अध्यक्षों ने ली शपथ, दया हुए शामिल

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ शासन ने पिछले दिनों 20 मंडल और आयोग के अध्यक्षों की नियुक्ति की थी। उनमें से तीन बोर्ड अध्यक्षों संजय श्रीवास्तव, राजीव अग्रवाल और नीलू शर्मा ने बुधवार को रायपुर में पदभार ग्रहण किया। आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में भिलाई निगम के उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह प्रमुख रूप से शामिल हुए। उन्होंने छग स्टेट सिविल सप्लाईज कारपोरेशन (नागरिक आपूर्ति ) के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल और नीलू शर्मा को बधाई दी।

### स्कूली बच्चों ने किया नेवई थाने का भ्रमण



**भिलाई।** शहर के स्कूली बच्चों को नेवई पुलिस थाना में आमंत्रित करके थाना प्रभारी ट्रेनी आईपीएस राहुल बंसल द्वारा पुलिस स्टेशन का भ्रमण कराया गया। इस दौरान पुलिस के कार्यों और गतिविधियों से रूबरू कराया गया। नई पीढ़ी पुलिस से संपर्क करने में असहज महसूस ना करें। परन्तु उन्हें अपना मित्र ही समझे। बच्चों को साइबर सुरक्षा की जानकारी दी गई।

### गर्मी से राहत पाने प्याऊ घर का शुभारंभ



**सेलूद।** अप्रैल का माह लगते ही गर्मी ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। सुबह 10 बजे से चलने वाली गर्म हवा के कारण आमजन का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। लगातार तापमान में प्रतिदिन वृद्धि होते जा रही है। राहगीरों के सूखे कंठ तर करने के लिए निः शुल्क प्याऊ सहारा बने है। पाटन चौक सेलूद निवासी राजू साहू व साथियों के द्वारा बजरंग चौक सेलूद में सार्वजनिक प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया। मौके पर पाटन जनपद सदस्य खिलेश मारकंडे ने कहा कि बढ़ते गर्मी को देखते हुए अधिक से अधिक संख्या में सार्वजनिक प्याऊ घर खोलने का कार्य समाज सेवी लोग करते जा रहे है ।

## अब सेक्टरों के बाजारों की बदलेगी तस्वीर

# नगर सेवाएं विभाग सेक्टर छह और दस मार्केट का कर रहा उन्नयन

### नालियों की मरम्मत और साफ-सफाई शुरु की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

टाउनशिप के प्रमुख बाजारों की शीघ्र ही तस्वीर बदलेगी। भिलाइ इस्पात संयंत्र का नगर सेवाएं विभाग अब बाजारों व नालियों, सड़कों की साफ–सफाई के सा आवागमन को और अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए कार्य कर रहा है। बाजारों के उन्नयन की शुरुआत सेक्टर–10 और सेक्टर–6 के बाज़ारों से हुई है। सेक्टर–10 मार्केट में पार्षद के सहयोग व सुझाव से नाली निर्माण के लिए नई पाइपलाइन डालने तथा सड़क की मरम्मत का कार्य भी प्रारंभ किया गया है। सेक्टर–6 में भी बाजार के चारों ओर की नालियों की मरम्मत और साफ–सफाई भी शीघ्र प्रारंभ की जाएगी। पूर्व में पार्किंग, सड़क चौड़ीकरण, चौराहों का उन्नयन एवं नवीनीकरण का कार्य किया गया है। रूआबांधा के निकट पंथी चौक से नेहरू नगर फ्लाई ओवर तक की सड़क के चौड़ीकरण का कार्य इन दिनों तीव्रता से प्रगति पर है वहीं नगर सेवाएं विभाग चौक से सेक्टर–6 कोतवाली थाने तक की सड़क का चौड़ीकरण भी लगभग पूरा हो चुका है। कुछ स्थानों पर पेवर ब्लॉक और नालियों के अधूरे कार्य के कारण चौड़ीकरण का जो कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है उसे भी भविष्य में कार्यान्वित करने का प्रयास किया जाएगा।



इसके अतिरिक्त सभी चौराहों की पेंटिंग, मरोदा की ओर जाने वाले चौराहों, डिवाइडरों की मरम्मत और उन्नयन, सभी प्रमुख सड़कों की मरम्मत और डामरीकरण, सभी सेक्टरों और सड़कों की जानकारी देने वाले साइन बोर्ड, बस स्टॉप की रंगाई–पोताई के साथ ही शासकीय भवनों के अनुरक्षण और वाइटवॉष का कार्य इस वित्त वर्ष में किया गया है। इसके साथ ही इस्पात नगरी के सभी प्रमुख चौराहों में ट्रैफिक सिग्नल और सीसीटीवी कैमरे की स्थापना का कार्य भी गति पर है। शीघ्र ही इस कार्य के पूर्ण होने से नगरवासियों की सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी। यह कार्य जिला के पुलिस प्रषासन और भिलाई इस्पात संयंत्र के सहयोग से किया जा रहा है। इसके साथ ही बोरिया गेट चौराहे की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने हेतु सुविधाओं में निरन्तर उन्नयन के प्रयास किए जा रहे हैं। 1 अप्रैल 2025 से प्रारंभ नए वित्त वर्ष में नगर सेवाएं विभाग, नई परियोजनाओं पर कार्य करने की ओर विचार कर रहा है। हर वर्ष की तरह किए जाने वाले नियमित कार्यों के साथ ही इस्पात नगरी के सभी सेक्टरों के बाज़ारों में सुविधाओं को बढ़ाने, शौचालयों का निर्माण एवं मरम्मत, नालियों का अनुरक्षण और बाज़ार परिसर की सड़कों की मरम्मत का कार्य भी वित वर्ष 2025–26 में किया जाएगा।

# सुशासन तिहार के प्रथम चरण में मिले 18 हजार आवेदनों में शिकायत सर्वाधिक कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

डोंडी 8 से 11 अप्रैल तक चले सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों की जनपद पंचायत डोंडी मे छटाई का काम चल रहा है छटाई के दौरान कई तरह के आवेदन निकल रहे हैं।

ग्राम पंचायत कुमुरकट्टा के एक आवेदक ने अपने गांव के बच्चों को आत्मानंद स्कूल डोंडी दल्ली लाने जाने के लिए स्कूल वैन की मांग की है वही आमाडुला के एक आवेदक ने अपने घर में अधिक मुर्गी हो जाने की वजह से उसे रखने के लिये मुर्गी शेड निर्माण करने के संबंध में आवेदन सौंपा हैं जनपद पंचायत डोंडी के सीईओ डीडी मंडल ने बताया कि सुशासन तिहार में जनपद पंचायत डोंडी के सभी 62 ग्राम पंचायत मुख्यालय तथा जनपद कार्यालय डोंडी में आवेदन पत्र के लिए केंद्र बनाया गया था जहां पर 4 दिनों में 18156 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसमें 17783 मांग के तथा 373 शिकायत के है इन आवेदनों की जनपद पंचायत डौंडी में विभागवार छटाई तथा ऑनलाइन एंट्री का कार्य जोरों पर चल रहा है सभी कर्मचारी इसमें लगे हुए हैं छटाई के बाद संबंधित विभाग को समाधान के लिए भेजा जाएगा को सीईओ ने बताया कि सुशासन तिहार में महतारी वंदन में लाभ दिलाने आयुष्मान कार्ड श्रम कार्ड राशन कार्ड प्रधानमंत्री आवास से लाभान्वित करने पेंशन में नाम जोड़ने पेयजल व्यवस्था सुधारने भूमिहीन मजदूर कृषक योजना में नाम जोड़ने इसके अलावा राजस्व विभाग से संबंधित सीमांकन बटवारा आवासीय पट्टा देने संबंधित सौर ऊर्जा प्लेट को ठीक करने ड्राइविंग लाइसेंस बनाने शौचालय निर्माण कराणे के लिए राशि देने अतिक्रमण हटाने से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए हैं इनका छटाई के बाद विभाग बार विभागों को भेजा जाएगा पश्चात सम्बंधित विभागों द्वारा आवेदनों की निराकरण की जाएगी।

### भाई है तो क्या हुआ उसे भी फांसी की सजा मिलनी चाहिए: बुआ

**भिलाई।** मासूम के साथ अनाचार के बाद हत्या करने वाले आरोपी चाचा को पुलिस ने गिरफ्तार किया। लेकिन पहले परिजन उसकों आरोपी मानने से इंकार करते रहे थे। इतना ही नहीं परिजन आरोपी चाचा की गिरफ्तारी के बाद मामले की सीबीआई जांच की मांग करते रहे। उधर डीएनए रिपोर्ट आने के बाद परिजनों को पुलिस की जांच पर भरोसा जताते हुए सहयोग करने की बात कही है। इस दौरान मासूम की बुआ व दादा ने कहा कि पुलिस ने सारे सबूत दिखाए, जिसमें मासूम का चाचा और मेरे भाई ने घटना को अंजाम दिया है। उसे फांसी की सजा मिलनी चाहिए। परिवार के लोगों कों भी अब पुलिस पर भरोसा है।

# भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन जिसमें 12 करोड़ से ज्यादा सदस्यः सांसद बघेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ अहिवारा में विधानसभा स्तरीय सम्मेलन में शामिल हुए सांसद विजय

भाजपा का विधानसभा स्तरीय सक्रिय सदस्य सम्मेलन बुधवार को सांस्कृतिक भवन जामुल में हुआ। अहिवारा विधानसभा के इस सम्मेलन में सांसद विजय बघेल, विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, जिला पंचायत की अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, पूर्व मंत्री जागेश्वर साहू, सांवला राम डाहरे सहित अन्य प्रमुख रूप से शामिल हुए।

बघेल ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। इसके 12 करोड़ से ज्यादा कार्यकर्ता हैं, पूरे देश में सबसे ज्यादा सक्रिय सदस्य हैं। जनता को दिल में बसाए हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं सबका साथ सबका विश्वास। भारत विश्व गुरु बनेगा। पुरुषोत्तम देवांगन ने कहा कि 6 मंडल में सक्रिय सदस्य का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यकर्ताओ का सम्मान भाजपा में ही होता है। वे कभी बूथ के अध्यक्ष थे, आज पार्टी ने उन्हें जिला संगठन की कमान सौंप दी है। मंच संचालन बिजेंद्र सिंह, अनुज साहू ने किया। कार्यक्रम में जामुल पालिका के अध्यक्ष ईश्वर ठाकुर, रविशंकर सिंह, प्रेमलाल साहू, अशोक बाफना, शशि बघेल, रेखराम बंछोर, उपासना साहू, मिथिलेश खिचरिया सहित अन्य मौजूद थे।

# दुकानदारों को बकाया राशि और समेकित कर का नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के अंतर्गत बेरोजगार लोगों को रोजगार प्रदान करने के लिए गुमटी प्रदान की गई थी। जिसमें उन्हे प्रतिमाह किराया जमा करना था, परन्तु उनके द्वारा दुकान किराया एवं समेकित कर जमा नहीं किया जा रहा है। उनसे दुकान किराया एवं समेकित कर जमा करने के लिए नगर निगम भिलाई द्वारा नोटिस भी जारी किया गया है। जो दुकानदार नहीं मिल रहे हैं, उनके दुकान के सामने नोटिस चस्पा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के तहत हितग्राहियो को जो भी दुकान आबंटित किया गया है, उसकी माह अनुसार बकाया राशि जमा करना अनिवार्य है। आज प्रियदर्शिनी परिसर के दुकानों में दुकान किराया एवं समेकित कर जमा करने के लिए नोटिस प्रदान किया गया है। निगम के कर्मचारी उन्हे जाकर समझा रहे थे कि अपनी किस्त की राशि तत्काल जमा कर दें। अन्यथा नगर निगम अधिनियम 1956 के तहत कार्यवाही की जावेगी। जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी आवेदन की होगी, साथ ही आबंटन भी निरस्त हो सकता है। जो आबंटिती पैसा जमा कर देगे, उन्हे आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, बैंक पासबुक की छायाप्रति एवं वर्तमान समय का 1 नग फोटो जमा करना होगा। इससे उनके नाम का आनलाईन आई.डी. जनरेट हो जाएगा। जिससे उनको एक प्रमाणिकता मिलेगी, भविष्य में उसी आधार पर अपना व्यापार और आगे बढ़ा सकेगें। शासन की यह एक महत्वकांक्षी योजना है, सबको लाभ लेना चाहिए।




# सिम का झांसा देकर दो लोगों से की गई ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ घटना की जानकारी साइबर पुलिस दुर्ग से हुई

सिम का झांसा देकर दो लोगों से ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि हाउस नंबर 165 ग्राम हनोदा दुर्ग निवासी राजेश सपहा स्कूल चौक, ग्राम हनोदा मे सिम लेने गया था। जहां छतरी लगाकर सिम बेंचने वाला एक व्यक्ति आधार कार्ड से लाईव फोटो व बायोमेट्रिक लेकर पीड़ित के नाम से दूसरे को सिम आबंटित कर दिया। पीड़ित को इसकी कोई जानकारी तक नहीं बताया। पीड़ित वाहन मैकेनिक का काम करता है। घटना 8 मार्च का है। 1 सिम लेने के लिए पीड़ित ने अपना आधार कार्ड दिया। दो बार लाइव फोटो और बायोमेट्रिक में अंगूठा लगवाया। साइबर पुलिस दुर्ग के माध्यम से घटना की जानकारी हुई। वहीं दूसरी घटना कसारीडीह पदमनाभपुर दुर्ग निवासी ऋषि निर्मलकर के साथ हुआ है। ऋषि ने विशाल मोबाईल सुभाष नगर दुर्ग में सिम खरीदने गया था। विशाल मोबाईल में कार्यरत कर्मी आधार कार्ड से लाईव फोटो व बायोमेट्रिक लेकर सिम नंबर दूसरे को आबंटित कर दिया। ऋषि घर में कपड़ा प्रेस करने का काम करता है। वर्ष 2023 दिसंबर माह में अपने घर के पास विशाल मोबाइल सुभाष नगर से नया सिम लेने गया था। दो बार लाइव फोटो एवं बायोमेट्रिक अंगूठा लगवाया और प्रोसेस पूरा नहीं होने का झांसा देकर वर्ष 2024 जनवरी माह में दोबारा विशाल मोबाइल सुभाष नगर गया तो वही कर्मी ने सिम लेने के लिए अपना आधार कार्ड दिया। दो बार लाइव फोटो और बायोमेट्रिक में अंगूठा लगवाया। घटना की जानकारी साइबर पुलिस दुर्ग से हुई है।

## पीएनबी हाफ मैराथन में मिला स्वर्ण पदक

# दिल्ली मैराथन में भिलाई के मिल्खा सिंह भागवत राम ने लहराया परचम, बढ़ाया मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध मैराथन धावक और मिल्खा सिंह के नाम से चर्चित भिलाई के भागवत राम नेताम ने दिल्ली में आयोजित दो मैराथन प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर प्रदेश इस्पात नगरी का गौरव बढ़ाया है।

भागवत राम नेताम ने जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम दिल्ली में आयोजित पीएनबी हाफ मैराथन दिल्ली में 51 से 60 वर्ष आयु वर्ग श्रेणी में स्वर्ण पदक अर्जित किया। यह कार्यक्रम पंजाब नेशनल बैंक के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था।

इस उपलब्धि के बाद श्री नेताम ने दिल्ली में हुई 'खेलो मास्टर्स नेशनल गेम्स' के चौथे संस्करण में भाग लिया। प्रतियोगिता में उन्होंने एथलेटिक्स श्रेणी में तीन कांस्य पदक अर्जित कर अपनी बहुआयामी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उन्होंने 5,000 मीटर दौड़ को मात्र 19.2 मिनट में पूरा करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया।



### अंतर्राष्ट्रीय चैम्पियिनशिप में लेंगे भाग

उन्होंने 1,500 मीटर दौड़ में 5.21 मिनट का समय लेकर पुनः कांस्य पदक अर्जित किया। इसके अतिरिक्त, 3 हजार मीटर मैराथन को 35 मिनट में पूरा कर तीसरा कांस्य पदक भी अपने नाम किया। इन उपलब्धियों के साथ ही उन्होंने अब श्रीलंका में होने वाली आगामी अंतर्राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैम्पियनशिप तथा इसी प्रकार की अन्य अंतर्राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में भाग लेने के लिए भी पात्रता अर्जित कर ली है। थनौद ग्राम के नेताम बीएसपी के सिन्टर प्लांट–2 में इंजीनियरिंग एसोसिएट के पद पर कार्यरत हैं।

# जिला स्तरीय संस्कृत-भाषा बोधन वर्ग शिविर संपन्न

**कवर्धा।** जिले में पहली बार जिला स्तरीय संस्कृत-भारती द्वारा 11 से 14 अप्रैल तक संस्कृत संभाषण शिविर का आयोजन स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय रानी दुर्गावती चौक कवर्धा में आवासीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें चार प्रबंधक उन्तीस प्रशिक्षार्थियों, पांच प्रशिक्षित शिक्षकों ने हिस्सा लिया। दिनचर्या का समय प्रतिदिन प्रात 4:30 जागरण से एकात्मस्त्रोत पाठ, योग, ध्यान, प्राणायाम, चिंतन, स्वल्पाहार, भाषा ज्ञान, विभिन्न रोचक गतिविधियों द्वारा संस्कृत भाषा शिक्षण आयोजित किया गया। वहीं 14 अप्रैल समापन दिवस के अवसर पर नगर में भव्य शोभा यात्रा रैली निकाली गई, समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्णेन्द्र सिन्हा, मुख्य वक्ता हेमंत साहू एवं विशिष्ट अतिथि विशेषर पटेल द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में गेयगीतम, संस्कृत वार्तालापः नाटक, श्लोक पठन, संस्कृत चित्र पत्रं एवं आभार प्रदर्शन किया गया।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# कोलिहामार में अवैध प्लाटिंग व कृषि भूमि को टुकड़ों में बेचने का गोरखधंधा जोरों पर

## राष्ट्रीय राजमार्ग 930 पर स्थित ग्राम कोलिहामार एवं बोहारडीह में जमीन महंगी होने से भूमाफियों का खेल

हरिभूमि न्यूज:गुरूर

विकासखंड मुख्यालय से लगे ग्राम कोलिहामार में अवैध प्लाटिंग की जा रही है, कृषि भूमि को व्यावसायिक उपयोग के लिए टुकड़ों में बेचा जा रहा है, शासन प्रशासन लगातार दावा कर रही है कि अवैध प्लाटिंग नहीं होने देंगे, कार्यवाही की जाएगी, पर भू माफिया लगातार कृषि भूमि को टुकड़ों में बेचने का कार्य कर रहे हैं।

ताजा मामला राष्ट्रीय राजमार्ग 930 में ग्राम कोलिहामार एवं बोहारडीह की सीमा का है, यहां लगभग आधा एकड़ भूमि को पांच टुकड़ों में बेचने की तैयारी भू माफिया कर रहे हैं, इसके लिए भू माफिया द्वारा चूना डालकर टुकड़ों का चिन्हांकन भी कर दिया गया है। शासन प्रशासन के लगातार दावों के बाद भी विकासखण्ड के विभिन्न क्षेत्रे मे भू माफिया लगातार टुकड़ों में जमीन बेचने का कार्य कर रहे हैं, यह कार्य बिना प्रशासनिक संरक्षण के संभव नहीं है, विकासखंड में भूमाफिया लगातार सक्रिय है एवं कृषको को भ्रमित कर उनकी भूमि को खरीद कर रजिस्ट्री नहीं कराते, वे भूमि को भू स्वामी के नाम से ही रखकर उनसे या तो टुकड़ो में दूसरे के नाम से रजिस्ट्री कराते हैं या उनसे पावर ऑफ अटॉनएँ लेकर भू स्वामी के स्थान पर स्वयं बिक्री करते हैं।

### भू माफिया सक्रिय

बताया जा रहा है कि भूमाफिया द्वारा लगातार पावर ऑफ अटॉनएँ लेकर ही टुकड़ों में बिक्री का कार्य किया जा रहा हैं जिससे भविष्य में किसी प्रकार की कानूनी कार्यवाही हो तो उसे भूमाफिया बच जाएंगे एवं प्रशासन की कार्यवाही का सामना भू स्वामी को करना पड़ेगा। ग्राम कोलिहामार के मामले में भी यही बात सामने आ रही है कि भूस्वामी को अंधेरे में रखकर भूमाफिया कृषि भूमि को टुकड़ों में बिक्री कर रहे हैं। ऐसे मे भविष्य मे यदि कानूनी कार्यवाही होती है तो कार्यवाही का सामना भूस्वामी को करना पड़ेगा।



### जानकारी नहीं

क्षेत्र की पटवारी पुष्पा साहू ने कहा कृषि भूमि को टुकड़ों में बेचने की मुझे कोई जानकारी नहीं है। पता करूंगी एवं नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

---

## खबर संक्षेप



### गांजा बेचने वाली दो महिला और युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध रुप से गांजा बेचने वाली दो महिला और एक युवक को पुलिस के हत्थे चढे है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर खुर्सीपार स्थित श्रीराम जानकी मंदिर बालाजी नगर खुर्सीपार में गांजा बेचने की सुचना मिली थी। खुर्सीपार पुलिस और एसीसीयू की टीम ने घेराबंदी कर कार्रवाई किया है। पुलिस ने कैम्प 2 चटाई क्वाटर छावनी निवासी नाज परवीन, श्रीराम चौक नवीन कालेज के पास खुर्सीपार एम ईश्वरी, कैम्प 2 चटाई क्वाटर छावनी निवासी अब्बास खान को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से पुलिस ने 3 किलो 61 ग्राम गांजा, बिक्री रकम 1480 रूपए, 5 मोबाईल फोन जब्त किया। कुल कीमत 1 लाख 60 हजार 980 रुपए आंकी गई है। कार्रवाई में डीएसपी क्राइम अजय सिंह प्रभारी,खुर्सीपार टीआई अंबर सिंह भारद्वाज समेत पुलिस कर्मियों का योगदान रहा है।

### लाखों की चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई।** शिक्षक कातन चौक भिलाई तीन में हुए लाखों की चोरी मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 334 (2), 305 (ए) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि पीड़िता राधिका हरदेल के मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोने चांदी के जेवरात अज्ञात ने चोरी कर फरार हो गया था। जिसकी शिकायत पुलिस से की गई थी। जेवरातों की कीमत 7 लाख 85 हजार रूपये है। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस ने टीम बनाई। पुलिस को अपचारी बालक पर संदेह होने पर पूछताछ किया गया। उसने सोने चांदी के जेवरात आलमारी से निकालकर चोरी किया। सड़क नं. 06, अग्रसेन आईटीआई के पी कुरूद रोड कोहका निवासी संतोष दुलानी के पास जेवरात सोने का बिस्कीट 15 ग्राम को गिरवी रखना स्वीकार किया।

## निधन

### दुलारी बाई चंद्राकर

**डौंडीलोहारा।** ग्राम मुड़खुसरा के गणमान्य नागरिक बिशाल चन्द्राकर की धर्मपत्नी श्रीमती दुलारी बाई चंद्राकर का निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार गुरुवार 17 अप्रैल को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में परिवारजन व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। वे कांग्रेस नेता गिरीश चंद्राकर व तोषण चंद्राकर की माता जी थी।



---

## अभ्यास : देवरी और बड़गांव केन्द्रों में हुई परीक्षा

# प्रयास विद्यालय प्रवेश की तैयारी परीक्षा 570 छात्र-छात्राओं ने दी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा



प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2025,की तैयारी के लिए विकास खण्ड डौडीलोहारा के बड़गांव में विकास खण्ड स्तरीय मेगा मांक टेस्ट का सफ़ल आयोजन 17 अप्रैल को किया गया। इस अभ्यास परीक्षा में कुल 570 बच्चों ने भाग लिया।

जिसमें परीक्षा केंद्र स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय देवरी में 300 व परीक्षा केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बड़गांव में 270 बच्चों ने अपनी सहभागिता प्रदान किया। इस माक टेस्ट के सफल आयोजन में विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी डौंडीलोहारा हिमांशु मिश्रा एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिल्हाटीकला के शिक्षक नीलकंठ धनकर, एवं थानेश्वर लाल साहू संकुल समन्वयक बड़गांव व लेखराज मालेकर संकुल समन्वयक कोचेरा का प्रश्न पत्र संकलन व परीक्षा केंद्र के निर्धारण में विशेष सहयोग रहा। आगामी 20 अप्रैल को प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश हेतु मुख्य परीक्षा होनी है।इस माक टेस्ट का उद्देश्य छात्रों को आगामी प्रवेश परीक्षा से पहले परीक्षा के वास्तविक माहौल से परिचित कराना,समय प्रबंधन का अभ्यास करना, एवं आत्ममूल्यांकन का अवसर देना था। परीक्षा के सफल संचालन में शिक्षको , संस्था प्रमुखो और शिक्षा विभाग के कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा। छात्रों ने भी इस अभ्यास परीक्षा को उपयोगी बताते हुए कहा कि यह उन्हें मुख्य परीक्षा से पहले मानसिक रूप से तैयार होने का अवसर प्रदान करता है। परीक्षा के पश्चात उत्तर शीट का मूल्यांकन कर बच्चों को विश्लेषणात्मक फीड बैक भी प्रदान किया गया। कार्यालय विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी डौंडीलोहारा के नेतृत्व में संबंधित परीक्षा केंद्र के प्राचार्य, संकुल समन्वयकों व शिक्षको के सहयोग से इतने वृहत स्तर पर परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन हुआ।

---

# रासेयो की अंबिकापुर शिविर में शैलादेवी कालेज के छात्र ने विजय ने किया कमाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा





राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) द्वारा अंबिकापुर जिले में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर में शैलदेवी महाविद्यालय के युवा स्वयंसेवक विकास कुमार( समाजकार्य) ने सक्रिय भागीदारी निभाई। यह शिविर 21 मार्च से 27 मार्च 2025 तक आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न सामाजिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का संचालन किया गया।

इस शिविर में छत्तीसगढ़ के 9 विश्वविद्यालयों से आए युवा स्वयंसेवकों ने भाग लिया और समाज सेवा, स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण तथा स्वास्थ्य जागरूकता जैसे विभिन्न कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता दी। शिविर के दौरान विकास कुमार ने महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्कृष्ट कार्य किया और समाजसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। शिविर समापन समारोह में विशिष्ट अतिथियों द्वारा सभी प्रतिभागियों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ नीता बाजपेयी, श्री जैनेंद्र दीवान कार्यक्रम समन्वयक हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग,शैलदेवी महाविद्यालय के संचालक महोदय राजन कुमार दुबे , संयुक्त संचालिका डॉ रजनी राय ,प्राचार्य डॉ के एन मिश्रा सहायक प्राध्यापक ढाल सिंह एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी योगिता नशीने ने विकास कुमार को इस उपलब्धि पर बधाई दी और कहा कि ऐसे शिविर युवा पीढ़ी को सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### हनुमान जन्मोत्सव पर भंडारे का आयोजन



**डौण्डीलोहारा।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर ग्राम सहगांव में प्रातः कालीन बेला में कलश यात्रा निकाली गयी, तत्पश्चात वैदिक मंत्रों के साथ पूजन हवन किया गया। हनुमान जी को माता सीता के द्वारा अजर- अमर होने का वरदान मिला है, जो मानव श्रद्धा भक्ति के साथ हनुमान जी का स्मरण करते हैं। संकटमोचन हनुमान उनकी हर संकट को दूर करते हैं। चैत्र शुक्ल पक्ष पूर्णिमा मंगलवार को माँ अंजना के गर्भ से हनुमान जी का जन्म हुआ। सांध्य कालीन बेला में विशाल भण्डारा का आयोजन किया गया। रात्रि कालीन बेला में विलुप्त होती विधा पण्डवानी की प्रस्तुति हुई जिसमें अंचल की पण्डवानी गायिका श्रीमती दुर्गा यादव ग्राम रेंगाकठेरा, अंबागढ़ चौकी ने अपनी सुमधुर स्वरों में लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

---

# नई शराब दुकान खोलने का विरोध फैलेगी अव्यवस्था, बढेगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा



- भाजपा सरकार लोगों को परोस रही शराब : श्रम कल्याण मंडल

उपाध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल केशव बंटी हरमुख ने कहा कि भाजपा सरकार ने दुर्ग ग्रामीण के दो जगहों सहित जिले के अन्य इलाकों में सरकार शराब की दुकानें खोलने जा रही है। इससे जिले में अव्यवस्था फैलेगी।

एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी, तब उस समय कांग्रेस की सरकार ने लोगों के लिए स्कूल, कॉलेज और अस्पताल खोलने के साथ साथ राज्य में विकास के काम किए थे। लेकिन अब जब प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तो भाजपा सरकार ने प्रदेश में स्कूल, कॉलेज और अस्पतालों को बंद कर नई शराब दुकानें खोलने में लगी है। उन्होंने कहा कि दुर्ग भिलाई जैसे जगहों में सरकार शराब दुकानें खोलनें जा रही हैं। इससे जिले में अव्यवस्था और आशंति फैलेगी। कांग्रेस नेता बंटी हरमुख ने भाजपा के अपने चुनावी घोषणा पत्र को याद दिलाते हुए कहा कि भाजपा ने अपने चुनावी घोषणा पत्र मोदी की गारंटी में कहा गया था कि जब प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी तो शराब दुकानों को कम करने का काम करेंगे, लेकिन भाजपा सरकार अब जिले के साथ साथ प्रदेश में बड़े स्तर पर शराब दुकानें खोलने जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि आज किशोर उम्र से लेकर युवा, बड़े, बुजुर्ग हर वर्ग शराब के नशे में डूब चुका है। एक रिपोर्ट के मुताबिक देश में सबसे ज्यादा शराब की खपत छत्तीसगढ़ में हो रही है। शराब के कारण घरेलू हिंसा, मासूम बच्चियों के साथ दुष्कर्म, चाकूबाजी, हत्या, बलात्कार, लूट जैसे वारदात प्रदेश में चरम पर है। गांव से लेकर शहर तक गली मोहल्लों में शराबियों के हुड़दंग से महिलाओं का घर से निकलना दूभर हो गया है। प्रदेश के इस भयावह स्थिति पर भाजपा के तमाम नेता,महिला मोर्चा की बहनें खामोश हैं।आज पूरे प्रदेश के प्रत्येक ग्रामों में अवैध शराब की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। पिछले वित्तीय वर्ष में भी भाजपा सरकार ने बड़े स्तर पर शराब दुकानें खोली थी और आने वाले नए वित्त वर्ष में 67 और नई शराब दुकानें खोलने जा रही हैं, जिसका कांग्रेस पार्टी पुरजोर विरोध करती है। क्षेत्र में और शराब दुकानें खोलने से जिले में अव्यवस्था फैलेगी इसलिए भाजपा सरकार को चाहिए कि अव्यवस्था को रोकने के लिए नए शराब दुकान खोलने के फैसले को वापस ले, अन्यथा जिले में भाजपा सरकार द्वारा खोले जाने वाले नए शराब दुकान के विरोध में उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।

---

# भक्त सेवा मंडल का 3 दिवसीय श्री कथा ज्ञान यज्ञ 20 से

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर



- 18 पुराणों के ज्ञान से युक्त कथा सार सुनाया जाएगा

स्व. स्वरूप संप्रदाय भक्त सेवा मंडल जिला बालोद द्वारा तीन दिवसीय श्री कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 20 अप्रैल से 22 अप्रैल तक तहसील साहू सदन कोलिहामार मे आयोजित की गई है। जिसमे कथावाचक कृष्णदास जी महराज होंगे। कथा के दौरान सनातन संस्कृति को 18 पुराणो के ज्ञान से युक्त कथा सार सुनाया जाएगा जो जीवमात्र के आध्यत्मिक ज्ञान एवं मोक्ष का मार्ग प्रसस्त करेगी।

कथावाचक कृष्णदास जगदगुरू रामानंदाचार्य दक्षिणपीठ पीठाधी"वर के शिष्य है। जिसमे प्रथम दिवस 20 अप्रैल को 10 से 12 बजे तक शोभायात्र निकाली जाएगी। 12 बजे से 1 बजे तक प्रसाद वितरण होगा। 1 बजे से 1:30 बजे तक चरणपादुका एवं ग्रन्थ स्थापना पूजन तथा आरती होगां 1:30 बजे से 4:15 बजे तक कथामृत रसपान होगा। 4:20 से 4:45 तक दिव्य रासलीला होगा। 4:45 से 5 बजे तक आरती तथा कथा विश्राम होगा। 5 बजे प्रसादी वितरण होगा। द्वितीय दिवस 21 अप्रैल को 10 बजे से 10:30 बजे तक चरणपादुका एवं ग्रन्थ पूजन तथा आरती होगा। 10:30 से 1:30 बजे तक कथामृत रसपान होगा। 1:20 से 1:45 तक दिव्य रासलीला होगा। 1:45 से 2 बजे तक आरती तथा कथा विश्राम होगा।

2 बजे से प्रसादी वितरण किया जाएगा। तृतीय दिवस 22 अप्रैल को 9:30 से 11:30 बजे तक तीर्थक्षेत्र नाणीजधाम दर्शन होगा। 11:30 से 12 बजे तक उपासना विधी दर्शन होगा। 12 से 12:30 बजे तक प्रसादी वितरण होगा। 12:30 से 1 बजे तक चरणपादुका तथा ग्रन्थ पूजन तथा आरती होगा। 1 बजे से 1:30 बजे तक भगवान श्रीद्वारा उपासना विधि उपदेश होगा। 1:30 से 2 बजे से उपासना यज्ञ होगा। 2 बजे से 2:30 तक भगवान द्वारा उपासना विधि संस्कार होगा। 2:30 से 4:45 तक कथामृत रसपान होगा। 4:50 से 5:15 तक दिव्य रासलीला होगा। 5:15 से 5:30 तक आरती तथा कथा समापन होगा। 5:30 से महाप्रसादी वितरण होगा।

---

# किल्लेकोडा स्कूल में 9वीं और 11वीं के नतीजे घोषित, छात्राओं ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा



- परीक्षा परिणाम घोषित

वनांचल क्षेत्र में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किल्लेकोडा के कक्षा नवमी व 11वीं के नतीजे अजय मुखर्जी प्राचार्य की अध्यक्षता में तथा परीक्षा प्रभारी वाय. एस. मरकाम ( व रि ष्ठ व्याख्याता), जे.पी. बांधव( व्याख्याता) द्वारा परीक्षा फल घोषित किए गए। कक्षा नवमी में 36 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। जिनमें कुमारी प्राची 70.5% अंक लेकर प्रथम ,नुमेश कुमार 70.3 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय तथा कुमारी वनिता 68.5% अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया ।इसी प्रकार 11वीं कला विभाग में कुमारी ईशा 73.8 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, कुमारी साक्षी 73% लेकर द्वितीय तथा कुमारी पायल 72% अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त की।विज्ञान विभाग में कुमारी यशस्वी शर्मा 77.4 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, कुमारी देविका 76.30 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय तथा चंद्रमुखी 75.4 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त की ।इस अवसर पर संबोधित करते हुए मुखर्जी सर ने कहा कि- मेरी ओर से परीक्षा में उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों को ढेर सारी शुभकामनाएं व उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं, तथा जो विद्यार्थी अनुत्तीर्ण हुए हैं आगे अच्छा मेहनत करते हुए सफलता प्राप्त करेंगे इन्हीं शुभकामनाओं के साथ। परीक्षा प्रभारी मरकाम सर ने कहा कि- परीक्षा में सम्मिलित हुए सभी परीक्षार्थियों जिन्हें सफलता प्राप्त हुई है मेरी ओर से उन्हें ढेर सारी शुभकामनाएं तथा जिन्हें असफलता मिली है उन्हें मेरी सलाह की उन्हें सफलता प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी, तभी वे मंजिल तक पहुंच सकते है । डा. बी. एल. साहसी व्याख्याता ने कहा कि- सफलता का पहला रहस्य है आत्मविश्वास मेरे अनुसार जो सफल हुए हैं वह आत्म विश्वास से पूर्ण थे, और असफल विद्यार्थियों में आत्मविश्वास की कमी रही है जो उनके नतीजे बयां कर रहा है, अंत में आभार प्रदर्शन जे.पी. बांधव (व्याख्याता )ने किया ।

इस दौरान समस्त स्टाफ उपस्थित थे जिनमें हेमेंद्र साहू( व्याख्याता), घनश्याम पटेल (व्याख्याता ),श्रीमती त्रिजला ठाकुर मैडम, ललित देवहारी क्लर्क, श्रवण यादव क्लर्क, खगेश ठाकुर क्लर्क तथा कुशल देवदास आदि।

---

### कवर्धा सहकारी केंद्रीय बैंक का किया औचक निरीक्षण : ईश्वरी साहू

**कवर्धा।** जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने गुरूवार को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा कवर्धा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बैंक की व्यवस्थाओं और किसानों को मिल रही सुविधाओं का अवलोकन किया तथा किसानों की जरूरतों को प्राथमिकता देते हुए कई निर्देश दिए।

# गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम में 143 मरीज लाभान्वित




**अंडा।** शासकीय आयुर्वेद औषधालय बोरई के तत्वावधान में गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत संयोजक जिला आयुष अधिकारी के मार्गदर्शन में ग्राम वासियों का ब्लड प्रेशर, शुगर जांच की गई। साथ ही साथ जीवनशैली योगा प्राणायाम व संतुलित आहार शैली की जानकारी प्रदान की गई, जिसमें कुल 143 मरीज लाभान्वित हुए। उक्त शिविर में ग्राम पंचायत के सरपंच ओमेश्वर (राजू) यादव, भाना बाई ठाकुर, शिव कुमारी वैष्णव पूर्व जनपद सदस्य, रवि साहू, पंच उत्तम चंद्राकर का विशेष सहयोग रहा। शिविर में शिविर प्रभारी डॉ. टिकेश्वरी गनवीर, डॉ. गीतांजलि साहू, डॉ अमित साहू, प्रकाश सिंह ठाकुर, सीमा दुबे, कमल लहरे, आयुषी पांडा, उज्वल चौरसिया, सतवंतिन यादव, मितानिन बहनें जानकी सिन्हा रामकली साहू बिंदु साहू भागेश्वरी यादव पूनम सिन्हा कांति ढीमर अपनी सेवाएं दी । तथा ग्रामीण जन नम्मू सिन्हा मानिक लाल साहू मिथलेश साहू उपस्थित रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज




7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्नेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंध्नापुर, नाशिक,
यात्रा दिनांक
04 जून 2025
26 जुलाई 2025
13 अगस्त 2025
10 सितंबर 2025
11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर- 18,501/-, 3AC-28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com




By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
16 मई, 23 मई, 02 जून, 15 जून, 14 अगस्त, 04 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411